<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई का किया लोकार्पण। रक्षा मंत्री ने कहा–सेना के जवानों की वीरता और आत्मनिर्भर भारत की कहानी है ऑपरेशन सिंदूर।
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नोएडा में देश के पहले टेम्पर्ड ग्लास निर्माण संयंत्र का किया उद्‌घाटन। कहा– देश में आकार ले रहा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का नया इको सिस्टम।
- देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद सात दशमल आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान। देशभर के उद्योग संगठनों और आर्थिक विशेषज्ञों ने की सरकार के प्रयासों की सराहना।
- मथुरा सहित प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा राधाष्टमी का पर्व। बरसाना के राधारानी मंदिर में तड़के चार बजे से ही उमड़े श्रद्धालु।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नोएडा में रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रक्षामंत्री ने कहा कि ड्रोन आज की युद्ध नीति का अहम हिस्सा हैं। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को बल देना होगा। इससे प्रदेश में पांच हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि यह संकल्प, साहस और विज्ञान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना के जवानों की वीरता के साथ आत्मनिर्भर भारत, वैज्ञानिकों और नवाचार की कहानी है।

***ऑपरेशन सिंदूर के दौरान में भी हम सब ने देखा जब संकल्प, साहस और विज्ञान तीनों एक साथ मिलते हैं तो असंभव, संभव हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर की जब याद आई है तो हमारी सेनाओं के स्वागत का जिक्र भला कैसे नहीं होगा। हमारी सेनाओं ने 22 मिनट के अंदर काम तमाम कर दिया और साथियों ऑपरेशन सिंदूर अगर एक तरफ हमारे सेना के जवानों की वीरता की कहानी है तो वहीं दूसरी तरफ आत्मनिर्भर भारत और हमारे वैज्ञानिकों और युवाओं के इनोवेशन यानि नवाचार की भी कहानी है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र शक्तिशाली होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश रक्षा उत्पादन का उभरता हुआ क्षेत्र है।

***वीर भोग्या वसुंधरा महाराणा प्रताप ने ही कहा था। उत्तर प्रदेश इस देश से पहले से बहुत संमृद्ध रहा है और खासतौर पर उत्तर प्रदेश में पहले से ही नौ ऑर्डिनेंस फैक्ट्रीज पहले से यहाँ पर कार्यरत हैं। मैं आभारी हूं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का और आदरणीय रक्षा मंत्री जी का जिन्होंने देश की वर्तमान की चुनौती को ध्यान में रखते हुए देश के अंदर दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के जो दो नए केंद्र उभरते भी दिखाई दे रहे हैं उनमें से एक उत्तर प्रदेश को दिया है और उत्तर प्रदेश में हम छः नोड में उसका विकास कर रहे हैं।***

**********

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नोएडा में देश के पहले टेम्पर्ड ग्लास निर्माण संयंत्र का उद्‌घाटन किया। यह संयंत्र भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने और मेक–इन–इंडिया पहल को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में एक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इको–सिस्टम नया आकार ले रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन लगभग छः गुना बढ़ गया है।

**नरेन्द्र मोदी जी के मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग देश में बहुत बड़ी मात्रा में पिछले 11 वर्षों में बढ़ी है। इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्शन करीब 6 गुना बढ़ा है, इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट्स करीब 8 गुना बढ़ा है इन्हीं 11 वर्षों में। चाहे मोबाइल हो, लैपटॉप हो, सर्वर हो, हार्डवेयर के दूसरे कम्पोनेंट हो, राउटर हो उन सब की मैन्युफैक्चरिंग भारत में स्टार्ट हुई है।**

**********

देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी अनुमानों का स्वागत करते हुए केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत सुधारों से प्रेरित वैश्विक विकास इंजन है। विश्व की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है और ये आंकडे शानदार हैं।

***हमारी जो अर्थव्यवस्था है, 2014 में टू ट्रिलियन डॉलर की थी, 11वें स्थान पर थे विश्व भर में, हम फिर पांचवें स्थान पर पहुंचे, आज चौथे स्थान पर हैं और कुछ ही समय में हमारी जो अर्थव्यवस्था है जीडीपी विश्व भर में तीसरे स्थान पर आएगी।***

श्री पुरी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चार दशमलव तीन ट्रिलियन डॉलर की है और इसकी बढ़ती जीडीपी दर भारत की आर्थिक स्थिति पर उठाए जा रहे सवालों का करारा जवाब है। देश भर के उद्योग संगठनों, अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अच्छी रहने के अनुमान का स्वागत किया है और सरकार के प्रयासों की सराहना की है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये देश विदेश के लोगों को सम्बोधित करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ पचीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा।

**********

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में पचीस सितंबर से उनतीस सितंबर तक आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो–2025 में व्यापार के साथ–साथ कला और संस्कृति का भी संगम देखने को मिलेगा। आयोजन में भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं से लेकर सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत तक की झलक दिखेगी। शो में देश और प्रदेश के दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**********

वन, पर्यावरण, और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री एवं अमरोहा के प्रभारी मंत्री के०पी० मलिक ने कल अमरोहा के गजरौला में नगर विकास से जुड़े चार करोड़ उनतीस लाख रुपए की लागत के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यमन्त्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरों को आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रही है।

**********

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत दस किलोवाट विद्युत भार तक के रूफटाप सोलर प्लांट के स्थापना के लिए अब दो सौ पचास रूपये आवेदन शुल्क और एक हजार रूपये पंजीकरण शुल्क नही देना होगा। पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन ने शुल्क माफ करने के साथ ही इंटर कनेक्शन और नेट मीटरिंग एग्रीमेंट के अनिवार्यता समाप्त कर दी है। राज्य में अधिक से अधिक सोलर प्लांट स्थापित हो सके इसके लिए ये शुल्क माफ किए गये हैं। सरकार की मंशा अधिक से अधिक घरों तक सौर ऊर्जा का विस्तार करने की है और इसके तहत सोलर प्लांट पर अनुदान दिया जा रहा है।

**********

मथुरा सहित प्रदेश भर में आज राधाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बरसाना के श्री राधारानी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ है। यहां तड़के चार बजे से ही लाड़लीजी के अभिषेक के साथ दर्शन और पूजन का सिलसिला जारी है। मान्यता है कि भाद्रपद माह की शुक्ल अष्टमी को बरसाना में राधारानी का जन्म हुआ था। राधाष्टमी पर्व पर बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर की भव्य सजावट की गयी है। आज पूरे दिन मिलाकर यहां पन्द्रह लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि राधाष्टमी को लेकर शासन–प्रशासन की तरफ से सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गयी है।

**राधा शब्द तो पर्यायवाची प्रेम का है समस्त प्रदेशवासी आज समस्त श्रद्धालुओं का जो ब्रज में आये है उनका हृदय से सम्मान कर रहे है और मैं पूरा विश्वास दिलाता हूँ कि जो उत्तर प्रदेश सरकार ने और हमारे प्रशासन ने बहुत अच्छा व्यवस्थायें की है सारी सुविधायें हैं सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। किसी प्रकार कि कोई भी दिक्कत किसी भी श्रद्धालु को नही होगी।**

**********

प्रदेश के कई जिलों में अभी भी नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रूखाबाद, गाजीपुर और बलिया में गंगा, मथुरा में यमुना और लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गाजीपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के उपरांत उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए लखीमपुर, पीलीभीत, सीतापुर, शाहजहांपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, प्रयागराज, चित्रकूट और बांदा सहित प्रदेश के कई हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है।

**********